सतना | बुधवार | 12 नवंबर 2025 | वर्ष 27 | अंक 070 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 फरीदाबाद से आतंकी ने रची थी धमाके की साजिश


6 थरूर चाहते हैं चर्चा में बने रहना


7 ऐतिहासिक ट्रेड डील के करीब मोदी-ट्रंप


8 पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद लड़ेंगे चुनाव

# विस्फोट मामले की जांच एनआईए को सौंपी

## दिल्ली धमाके : गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में लिया निर्णय

**नई दिल्ली, 11 नवंबर (वार्ता) केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लाल किला विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है. अब तक दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा इसकी जांच कर रही थी. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर मंगलवार को हुई एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया.**



बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, दिल्ली पुलिस आयुक्त और एनआईए के महानिदेशक सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया. जम्मू कश्मीर के महानिदेशक वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए. सूत्रों ने बताया कि बैठक में विस्फोट मामले की जांच एनआईए को सौंपने का निर्णय लिया गया. दिल्ली पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के साथ-साथ विस्फोटक अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, कोतवाली पुलिस स्टेशन में यूएपीए की धारा 16 और 18 के साथ-साथ विस्फोटक अधिनियम और बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया

### आतंकियों के निशाने पर था आरएसएस कार्यालय : एटीएस

गुजरात एटीएस द्वारा पकड़े गए तीन आतंकियों से पूछताछ में बड़े खुलासे हुए हैं. सूत्रों के अनुसार एटीएस ने बताया कि आतंकियों के निशाने पर राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का लखनऊ हेडक्वार्टर था. इसके अलावा आतंकियों ने अहमदाबाद के नरोडा इलाके और दिल्ली के आजाद मैदान के आसपास के इलाकों की भी रेकी कर वहां की तस्वीरें और वीडियो बनाए थे. बता दें कि एजेंसी को हैदराबाद के एक आतंकी के अहमदाबाद हथियार लेने आने की भी सूचना मिली थी. इसके बाद टीम ने आतंकी डॉ. अहमद मोहिउद्दीन सैयद को गिरफ्तार किया था. उसकी कार से तीन विदेशी पिस्टल और 30 कारतूस भी जब्त किए गए थे. इसके अलावा अहमद को हथियार देने आए उत्तर प्रदेश के दो आतंकियों सुहैल और आजाद सुलेमान को भी गुजरात के पालनपुर से अरेस्ट किया गया था.

### दिल्ली पुलिस ने कार विस्फोट को बम विस्फोट बताया

**नयी दिल्ली, 11 नवंबर.** दिल्ली पुलिस ने लाल किला के पास कल हुये कार विस्फोट को अपनी प्राथमिकी में बम विस्फोट बताया है। प्राथमिकी के अनुसार, एक जबर्दस्त विस्फोट हुआ। विस्फोट के कारण वहां दिल्ली पुलिस की चौकी की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और देखा कि कुछ कारों में आग लग गयी थी जबकि घायल सड़क पर पड़े हुए थे। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया। यह वास्तव में एक बम विस्फोट प्रतीत होता है। यह प्राथमिकी उत्तरी जिले के कोतवाली पुलिस थाने में दर्ज की गयी है।

### सीएम ने कानून-व्यवस्था की जानकारी ली

**भोपाल, 11 नवंबर (प्रशासनिक संवाददाता).** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को दिल्ली में हुए विस्फोट के संदर्भ में मंगलवार को मंत्रालय के सिचुएशन रूम से जिला कलेक्टरों से कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी प्राप्त की. उन्होंने सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी सार्वजनिक स्थलों, भीड़ भरे इलाकों, धार्मिक स्थलों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर चौकसी बढ़ाई जाए. संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष सावधानी बरती जाए. साथ ही यह ध्यान भी रखा जाए कि आमजन और सामान्य जीवन प्रभावित न हो. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने सोमवार को दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद प्रदेश में किए गए सतर्कता के उपायों और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी.

## षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा

### भूटान से पीएम मोदी ने दिया दो टूक मैसेज

**नई दिल्ली, 11 नवंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान के दौरे पर हैं. यहां उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं यहां बहुत भारी मन से आया हूं. सोमवार शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित कर दिया है. इसके पीछे को षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा. पूरा देश पीड़ितों के साथ खड़ा है.**



उन्होंने आगे कहा कि मैं रातभर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था. विचार-विमर्श चल रहा था. जानकारियों के तार जोड़े जा रहे थे. हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी. पीएम ने कहा कि आज का दिन भूटान के लिए, भूटान के राज परिवार के लिए और विश्व शांति में विश्वास रखने वाले सभी लोगों के लिए बहुत अहम है. सदियों से भारत और भूटान का संबंध बहुत ही गहन, आत्मीय और सांस्कृतिक रहा है. इसलिए, इस महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल होना, भारत का और मेरा कमिटमेंट था. बता दें कि सोमवार शाम लाल किले के निकट एक कार में हुए शक्तिशाली विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई थी और करीब चौबीस लोग घायल हुए थे.

अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी
asianpaints
Asian Putty JK WALL PUTTY
INDIGO PUTTY
पाएं ब्रांड भी- सस्ता भी
मटेंहना टाईल्स बाजार
74368-74368

# दूसरे चरण में 69 प्रतिशत रिकॉर्ड वोटिंग

**बिहार विधानसभा चुनाव 2025**

**राजनीतिक दलों के बीच दिखी जबरदस्त टक्कर**

**पटना, 11 नवंबर. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राजनीतिक दलों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिला है. पहले और दूसरे चरण में जिस तरह वोटर्स ने घर से बाहर निकल कर मतदान किया है. दूसरे और आखिरी फेज 20 जिलों की 122 सीटों पर 68.52 प्रतिशत मतदान हुआ है.**



मुस्लिम बहुल किशनगंज में सबसे ज्यादा 77.75 प्रतिशत मतदान हुआ है। जबकि नवादा में सबसे कम 57.76 प्रतिशत वोट डाले गए। 6 नवंबर को पहले चरण में 121 विधानसभाओं में 64.66 प्रतिशत वोट पड़े थे, जो 2020 के 57.29 प्रतिशत से 7.37 प्रतिशत अधिक है. यह स्वतंत्र भारत में बिहार का अब तक का सबसे ऊंचा टर्नआउट है. अब 14 नवंबर को नतीजे आएंगे.

### 2010-20 का टूटा रिकॉर्ड

2010 में 57 प्रतिशत, 2015 में 56.77 प्रतिशत और 2020 में 57.29 प्रतिशत रहा. ये आंकड़े बताते हैं कि बिहार धीरे-धीरे लोकतांत्रिक भागीदारी की ओर बढ़ रहा है. लेकिन 2025 का 65-70 प्रतिशत का आंकड़ा सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ता हुआ नजर आ रहा है.

## एसआईआर के खिलाफ याचिकाओं पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली, 11 नवंबर.** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को चुनौती देने वाली दायर याचिकाओं पर ईसी से मंगलवार को अलग-अलग जवाब देने को कहा. ये याचिकाएं द्रमुक, माकपा, कांग्रेस और टीएमसी नेताओं ने दाखिल की है. पीठ ने निर्वाचन आयोग से नई याचिकाओं पर दो सप्ताह में जवाब देने को कहा. इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास और कलकत्ता हाईकोर्ट को तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची की एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर हर प्रकार की कार्यवाही स्थगित रखने का भी निर्देश दिया, उसने तमिलनाडु में इस प्रक्रिया का समर्थन करने वाली ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की दायर हस्तक्षेप याचिका सूचीबद्ध करने की भी अनुमति दी.

## अशासकीय संगठनों का नेशनल कॉन्क्लेव आज

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 11 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जनजाति कार्य मंत्रालय, भारत सरकार और मध्यप्रदेश जनजाति कार्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जनजाति कल्याण के लिए कार्य कर रहे अशासकीय संगठनों की नेशनल कॉन्क्लेव का भोपाल में 12 नवंबर को शुभारंभ करेंगे.**



राज्यपाल मंगुभाई पटेल नेशनल कॉन्क्लेव के समापन सत्र के मुख्य अतिथि होंगे. जनजाति कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह मुख्य अतिथि होंगे. कॉन्क्लेव का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में किया गया है. इसमें देश के 500 से ज्यादा विषय विशेषज्ञ जनजातीय कल्याण से जुड़े हुए विषयों पर चर्चा करेंगे. नेशनल कॉन्क्लेव में विषय विशेषज्ञ स्वैच्छिक संस्थाओं एवं प्रयासों के माध्यम से जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे.

## पाक विस्फोट में 12 की मौत

### इस्लामाबाद जिला अदालत के मेन गेट पर धमाका

**इस्लामाबाद, 11 नवंबर (वार्ता) जी-11 इलाके में जिला एवं सत्र न्यायालय के मुख्य द्वार पर मंगलवार को एक विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए. सूत्रों के अनुसार न्यायालय के निकट हुए विस्फोट की जांच आत्मघाती हमले के रूप में की जा रही है.**



सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में सुरक्षा अवरोधक के पीछे जले हुए वाहन से आग की लपटें और घना धुआं उठता हुआ दिखाई दे रहा है. सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और बचाव एवं जांच दल घटनास्थल पर मौजूद हैं. अधिकारियों ने अभी तक विस्फोट की प्रकृति या संभावित संदिग्धों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है. इस्लामाबाद एक उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है और विस्फोट शहर के व्यस्त न्यायिक परिसर के पार्किंग स्थल में हुआ, जहां कई उच्च स्तरीय सरकारी कार्यालय स्थित हैं. अभी तक किसी भी समूह ने इस हमले की ज़िम्मेदारी नहीं ली है. यह हमला उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक कैडेट कॉलेज पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के एक दिन बाद हुआ है.

**बिहार विधानसभा चुनाव** | एक में भी महागठबंधन को नहीं मिला बहुमत

# 6 एग्जिट पोल में एनडीए सरकार

**पटना, 11 नवंबर. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर एग्जिट पोल सामने आ चुके हैं. छह एग्जिट पोल में एनडीए की सरकार बनती दिख रही है। एक भी एग्जिट पोल में महागठबंधन को बहुमत नहीं मिला।**

| एजेंसी | एनडीए | महागठबंधन | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज- आईएएनएस | 147-167 | 70-90 | 0-7 |
| पीपुल पल्स | 133-159 | 75-101 | 2-13 |
| पीपुल्स इनसाइट | 133-148 | 86-102 | 3-8 |
| चाणक्य | 130-138 | 100-108 | 3-5 |
| पोलस्ट्रेट | 133-148 | 87-102 | 3-5 |
| जेवीसीएस पोल्स | 135-150 | 88-103 | 3-6 |

आईएएनएस के एग्जिट पोल में एनडीए को 48 फीसदी, महागठबंधन को 37 फीसदी तथा अन्य के खाते में 15 फीसदी वोट जाते दिख रहे हैं। एनडीए को जबरदस्त फायदा मिलता दिख रहा है। एनडीए को 147-167 तथा महागठबंधन को 70-90 सीटें मिलने का अनुमान है।

जेवीसी एग्जिट पोल के भी नतीजे आ गए हैं। इसमें एनडीए को बंपर बहुमत मिलता दिख रहा है। एनडीए को 135-150 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि महागठबंधन को 88-103 सीटें मिलती दिख रही हैं। वहीं अन्य के खाते में 3-6 सीटें जाने का अनुमान है। पीपुल्स इंसाइट के एग्जिट पोल में एनडीए को 133-148 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं, महागठबंधन के खाते में 87-102 सीटें जाती हुई दिख रही हैं। जन सुराज को 0-2 सीटें तथा अन्य को 3-6 सीटें मिलने का अनुमान है। पीपुल्स का भी एग्जिट पोल आ गया है। इसमें एनडीए को 133-159 सीटें मिलने का अनुमान है। महागठबंधन को 75-101 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य के खाते में 2-13 सीटें जा सकती हैं।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया फंड

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in